संदेहास्पद

आत्महत्या की आशंका, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच, सागर से एफएसएल की टीम पहुंची

# लायसेंसी बंदूक की गोली से गनमैन की संदिग्ध मौत



**नवभारत, दमोह.** देहात थाना की जबलपुर नाका चौकी अंतर्गत आने वाले राजा पटना बैंक के पीछे रहने वाले एक युवक की बुधवार रात गोली लगने से मौत हो गई. प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला माना जा रहा है. युवक ने लायसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारी है ऐसा अंदेशा जताया जा रहा है.

देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद सागर से एफएसएल की टीम के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. आरसी अहिरवार, प्रआ अमित और चित्तर ने जांच परीक्षण करने के बाद शव को अस्पताल के शव ग्रह में रखवा दिया है. गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंपा. यह भी कहा जा रहा बंदूक साफ करते समय गोली चली है.

## रात करीब 11 बजे गोली चलने की आवाज आई

पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है. मृतक की पहचान 45 वर्षीय संतोष राठौर के रूप में हुई, जिनकी मौत 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से गोली चलने के कारण हुई है. रात करीब 11 बजे जैसे ही गोली चलने की आवाज आई परिजन व आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो संतोष मृत हालत में पोर्च में पड़ा थे. तत्काल घटना की जानकारी देहात थाना पुलिस को दी गई.

## परिजनों के बयान दर्ज किए

देहात थाना टीआई अमित गौतम, जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल, एएसआई अभय, रूपेश, अजय सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. परिजनों के बयान दर्ज किए और पड़ोसियों से जानकारी ली. इसके बाद सागर से एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच की गई.इसके बाद शव को जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवा दिया है.

## पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही

देहात थाना टीआई अमित गौतम ने बताया कि लाइसेंसी बंदूक से यह गोली चली है, जिसमें संतोष राठौर की मौत हो गई है. अब बंदूक साफ करते समय गोली चली या आत्महत्या की गई है. यह जांच का विषय है पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है.

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत



दमोह जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के समीप राजा पटना के पास बाइक सवार महिला की सड़क दुर्घटना में दुखद मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है. जानकारी के अनुसार बुधवार की रात आबूखेड़ी थाना पथरिया निवासी सुनीता पति बहादुर लोधी जब बाइक से आ रही थी, तभी ब्रेकर मिलने पर बाइक से महिला गिर गई, जिससे उस की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर चौकी प्रभारी रमाशंकर मिश्रा, स्थानीय सरपंच ने पहुंच कर शव को उठाकर जिला अस्पताल के शव गृह में रखवाया.



# सीएसपी के ड्राइवर पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

रेलवे स्टेशन के बाहर हुई घटना

**नवभारत,दमोह 23 अप्रैल।** रेल्वे स्टेशन के समीप बुधवार रात दमोह सीएसपी के ड्राइवर रविंद्र अहिरवार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए. जहां उनका इलाज चल रहा है. पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है. घायल रविंद्र अहिरवार ने बताया कि वह सीएसपी एचआर पांडे के वाहन चालक है.बुधवार रात अपने भाई को लेने के लिए रेलवे स्टेशन गए थे.इसी दौरान वह चाय पीने स्टेशन के समीप पहुंचे. वहां कुछ लोग पुलिस को गालियां दे रहे थे. जब उन्होंने ऐसा करने से रोका तो करीब 5 से लोगों ने उन पर लाठी, डंडों से हमला कर दिया.

**पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**-हमला करने वाले अपने आप को राजा राय के आदमी बता रहे थे. उन्होंने एक व्यक्ति को पकड़ लिया और तत्काल पुलिस को सूचना दी. इसके बाद बाकी लोग भाग गए. पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है. जानकारी लगते ही कोतवाली टीआई मनीष कुमार और सीएसपी एचआर पांडे भी अस्पताल पहुंचे. घायल आरक्षक से घटना की जानकारी ली, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## ट्रेन में पैर फंसने से यात्री बुरी तरह घायल



**दमोह।** गोरखपुर ट्रेन से आ रहे एक यात्री अचानक ट्रेन में पैर फंस जाने से बुरी तरह पैर में चोट आई है.जिसे रेल्वे स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ जवान अशोक ने तत्काल घायल को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल दमोह में भर्ती कराया. प्राप्त जानकारी के अनुसार सौरभ अहिरवार पामाखेड़ी थाना सागर निवासी का इलाज दमोह जिला अस्पताल में जारी है.

## एक नजर में



### विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**नवभरत,दमोह।** टाईम्स महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एन.एस.एस इकाई के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मनजीत कौर साहनी के संबोधन से हुई जिसमें उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाष डाला एवं पौधा रोपण के अलावा रचनात्मक माध्यम से जैसे बेस्ट आउट ऑफवेस्ट,नुक्कड़ नाटक एवं सिग्ल यूज प्लास्टिक के द्वारा पर्यावरण एवं पृथ्वी को संरक्षित करने की बात कही।इस अवसर पर एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय विष्वकर्मा ने छात्रो को संबोधित करते हुए जलवायु परिवर्तन, विभिन्न प्रकार के प्रदूषण व जल संकट जैसी वैष्विक समस्याओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।



### पानी की समस्या को लेकर नपा में प्रदर्शन

**नवभारत,दमोह।** नगर पालिका क्षेत्र के सिविल वार्ड एक शोभनगर में पानी की समस्या को लेकर बुधवार दोपहर वार्डवासियों ने नगर पालिका कार्यालय में प्रदर्शन किया. नगर पालिका अध्यक्ष व सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी की. वार्डवासियों का कहना था कि पाइपलाइन बिछी हुई है, लेकिन उसमें पानी नहीं आता. वह कई बार वार्ड पार्षद को समस्या बता चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा कोई समाधान नहीं किया जा रहा. इसलिए अब वह नगर पालिका कार्यालय पहुंचे हैं ताकि हमारी समस्याओं पर ध्यान दिया जाए.

**जब से पाइपलाइन बिछी है तभी से समस्या : सुनीता**–पानी की समस्या लेकर पहुंची महिला सुनीता ठाकुर ने बताया कि उनके वार्ड में कांग्रेस के वार्ड पार्षद लीला रमेश राठौर हैं. वार्ड में पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन उसमें पानी नहीं आता. जब से पाइपलाइन बिछी है तभी से समस्या बनी हुई है. वह लोग काफी दूर से पानी भरकर लाते हैं. वार्ड पार्षद को यह समस्या बता चुके हैं. वीडियो बनाकर भी उनके पास भेजे गए हैं, लेकिन उनके द्वारा अभी तक किसी प्रकार की कोई समस्या का समाधान नहीं किया गया.

### राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

**दमोह 23 अप्रैल।** जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदार अपने अपने क्षेत्र में



जनसुनवाई को प्रभावी बनाये, उनके अधिकार क्षेत्र के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें ताकि वहां से संबंधित व्यक्ति जिला स्तर पर उस समस्या के निराकरण के लिए यहां नहीं आयें। उन्होने सभी एसडीएम से कहा वे साप्ताहिक समय सीमा बैठक अपने यहां रखे और आवश्यक होने पर संबंधित कर्मचारियों और पटवारियों को भी बुलायें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने आज राजस्व अधिकारियों की आयोजित बैठक में दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर मीना मसराम खासतौर पर मौजूद रहीं।

**लंबित मामलों में तेजी लाएं**– उन्होने अधिकारियों से कहा, शासन की प्राथमिकता से जुडे कार्यो और राजस्व प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जायें। लंबित मामलों में तेजी लाने और कार्यो की गति बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान देने कहा। श्री यादव नें अधिकारियों से बेहतर समन्वय से कार्यो के संपादन पर विशेष बल दिया।

# तौल प्रक्रिया में देरी नहीं की जाए : यादव

कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण



**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने शासन द्वारा स्थापित उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने जबेरा क्षेत्र में अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो और उनका माल समय पर तौला जाए.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ केंद्रों पर अव्यवस्थाएं हैं. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तौल प्रक्रिया में देरी नहीं हो और अधिकतम एक घंटे के भीतर किसानों का माल तौल लिया जाए. इसके लिए आवश्यकता अनुसार कांटे (वजन मशीन) और लेबर बढ़ाने के निर्देश भी दिए. कलेक्टर यादव ने कंट्रोल रूम के नंबर को सभी केंद्रों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि किसान किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत संपर्क कर सकें.

**इनकी रही उपस्थिति**–इस अवसर पर कलेक्टर यादव ने जबेरा सहित तीन उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया. इस अवसर पर एसडीएम छोटे गिरी गोस्वामी, तहसीलदार सोनम पांडे, सहायक आपूर्ति अधिकारी आदित्य दहिया, नायब तहसीलदार राजेश साहू सहित अन्य संबंधित अधिकारी और खरीदी केंद्र प्रभारी मौजूद रहे.



# अवैध पार्किंग व अतिक्रमण से लग रहा जाम

वाहन चालक और यात्री हो रहे परेशान

**नवभारत, पथरिया 23 अप्रैल।** पथरिया नगर के मुख्य मार्गों पर छोटे-बड़े वाहन लंबे समय तक खड़े देखे जा सकते हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। आम जनता को इस समस्या से निजात तो नहीं मिल पा रही हैं, लेकिन दिनों-दिन व्यवस्थाएं और बिगड़ती जा रही हैं।

भारी वाहनों के नगर में प्रवेश करने से धूल उड़ने, मुख्य सडकों पर अतिक्रमण बढ़ने से ट्रैफ़िक जाम से आपातकालीन वाहनों, छोटे वाहन चालकों और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। व्यवस्थाएं सुधारन की कोशिश की जाएगी।

**प्रिया सिंघी**
**एसडीओपी पथरिया**

## अविशा को सीबीएसई दसवीं में मिले 91 प्रतिशत अंक



**दमोह।** सेंट जॉन स्कूल की छात्रा कु. अविशा अग्निभोज ने सीबीएसई दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण करने पर परिवार, समाज व मित्रों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।अविशा ने अपनी सफलता का श्रेय परम पिता परमेश्वर को व अपने परिवार व अपने विद्यालय सेंट जॉन स्कूल की प्राचार्य सिस्टर सोफी भारत व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है।जिनके प्रोत्साहन व आशीर्वाद से ये सफलता उन्होंने अर्जित की है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से



विभिन्न मैदानों में आयोजित होंगे शिविर

**नवभारत,दमोह।** खेल व युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 से 30 मई तक प्रात: 6 बजे से 8 बजे के मध्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र एसपीएम नगर दमोह, हाकी एस्ट्रोटर्फ परिसर, इण्डोर खेल परिसर सिविल वार्ड स्टेडियम, पुलिस अस्पताल खेल मैदान, जेपीबी स्कूल खेल मैदान व समस्त विकासखण्ड मुख्यालयों पर किया जाएगा. प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन के संबंध में 21 अप्रैल को श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया. जिसमें जिला खेल संघों के पदाधिकारी,जिला खेल व युवा कल्याण अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग के क्रीड़ा अधिकारी व विभागीय प्रशिक्षक, ग्रामीण युवा समन्वयक शामिल हुए.

## इन खेलों का दिया जाएगा प्रशिक्षण

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में हाकी, खो-खो, कबडडी, बास्केटबाल, व्हालीबाल, हैण्डबॉल, फुटबॉल, ताईक्वान्डा, कराते, बैडमिन्टन आदि खेल आयोजित होंगे. इसी प्रकार विकासखण्ड मुख्यालयों में 2 स्थानीय प्रचलित खेलों का आयोजन ग्रामीण युवा समन्वयकों के माध्यम से किया जाएगा. जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी सिविल वार्ड स्थित जिला खेल व युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है।

# नि :शुल्क शव वाहन सेवा उपलब्ध कराई

**नवभारत, दमोह.** मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा आमजन की सुविधा के लिए नि:शुल्क शव वाहन सेवा शासकीय संस्थागत मृत्यु प्रकरणों में उपलब्ध कराई गई है।

शव वाहन सेवा के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आमजन को सुलभ जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टोल फ्री नम्बर-155334 जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सहयोग प्रदान करना है, ताकि शव को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सम्मानपूर्वक ले जाने की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके। डॉ. अठया ने आमजन से आग्रह किया है कि आवश्यकता पड़ने पर नागरिक इस नि:शुल्क शव वाहन सेवा का लाभ उठायें।



## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

**दमोह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया में बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वी कला संकाय व विज्ञान संकाय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें विज्ञान संकाय से कुमारी दुर्गा राजपूत 90 प्रतिशत, ललित अहिरवार 86 प्रतिशत, आदित्य तिवारी, दुर्गा पटेल, आरती पटेल, योगेश पटेल, शक्ति ठाकुर, कविता लोधी, लक्ष्मी पटेल, निधि पटेल,लखन पटेल व कला संकाय से रक्षा राजपूत 83 प्रतिशत, सोमवती दुबे,चतुर्भुज कुर्मी, रेवती लोधी, भगवती लोधी को विद्यालय के शिक्षक नरेश पटेल उच्च माध्यमिक शिक्षक द्वारा नगद राशि 1000 व विद्यालय की ही शिक्षिका यशोदा राज द्वारा नगद राशि 500 की प्रदाय की गई साथ ही शाला की प्राचार्य मैडम अजीता मिश्रा द्वारा श्रीफल भेंट किया गया।

# स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया बीजारोपण

विश्व पृथ्वी दिवस पर उदयपुरा प्लांटेशन में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,दमोह।** विश्व पृथ्वी दिवस पर मडियादो वन परिक्षेत्र बफ़र के उदयपुरा प्लांटेशन में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत कार्यक्रम किया गया। आज बोया कल उगाया की थीम पर नर्सरी स्थापना और पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत मड़ियादो, कलकुआ, उदयपुरा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बीजारोपण किया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी मड़ियादो बफ़र जेपी मिश्रा और



सहायक परिक्षेत्र अधिकारी प्रमोद शुक्ला ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने पौधे रोपने,पेड़ो की रक्षा करने,वन और वन्य जीवों की सुरक्षा, जल संरक्षण आदि की अपील करते हुए विभिन्न जानकारियां दी. पन्ना टाइगर रिजर्व में पाए जाने वाले वन्य जीवों, पशु पक्षियों, जीवन रेखा केन नदी, भौतिक संरचना और गतिविधियों की क्रमवार जानकारी और प्रश्न उत्तर भी किए।

## फल, सब्जियों आदि के बीज जंगल में फेंके

वन परिक्षेत्र अधिकारी जेपी मिश्रा ने कार्यक्रम के माध्यम से सभी को संदेश दिया कि फल, सब्जियों आदि के बीज जंगल मे फेंके, आपका फेंका एक बीज यदि पौधा और पेड़ बनेगा तो पर्यावरण संरक्षण में योगदान होगा। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक जैन ने भी छात्र छात्राओं से संवाद कर पर्यावरण से जुड़ी जानकारियां देकर सभी को पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दी और ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की।

## साहित्य महोत्सव व पुस्तक मेला आज से

**दमोह।** महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज 24 से 26 अप्रैल 2026 तक बेलाताल पार्क में दमोह साहित्य महोत्सव एवं पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव का उद्देश्य जिले में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय साहित्य एवं कला को मंच प्रदान करना तथा बच्चों एवं युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है।

# राज्य सेवा परीक्षा हेतु बनाए चार परीक्षा केंद्र

मेडिकल टीम की होगी विशेष व्यवस्था

**नवभारत,दमोह।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के लिए जिला दमोह में चार संस्थाओं को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। यह परीक्षा 26 अप्रैल को ओएमआर पद्धति से दो पालियों में आयोजित होगी।

पहली पाली प्रात:10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक संचालित की जाएगी।निर्धारित परीक्षाकेंद्रों में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय ईएफए जे.पी.बी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।

## अभ्यर्थियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विशेष निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा है कि किसी भी अभ्यर्थी की तबीयत अचानक खराब होने की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए परीक्षा केंद्र में 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे से परीक्षा समाप्ति तक एक पूर्ण मेडिकल टीम तैनात रहेगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मनीष कुमार कुशवाहा पिता श्री ज्योतिष कुमार कुशवाहा साकिन मुहली नरसिहगढ़ तह पथरिया जिला दमोह शपथपूर्वक कथन करता हूं कि - 1. यह कि उपरोक्त पते का निवासी हूँ। 2. यह कि आर टी रिकार्ड रजिस्टेन पर मेरा मनीष कुशवाहा नाम दर्ज है। 3. यह कि आधार कार्ड पर मनीष कुमार कुशवाहा नाम दर्ज है। 4. यह कि समाचार पत्र पर मैं अपना नाम मनीष कुमार कुशवाहा नाम दर्ज कराना चाहता हूँ। 5. यह कि मेरे पिता जी का नाम ज्योतिष कुमार कुशवाहा समाचार पत्र पर दर्ज कराना चाहता हूँ। 6. यह कि इसी वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहें है। हस्ताक्षर शपथकर्ता

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, दमोह (म.प्र.)**

क्रं./न.पा./2026/450 -: निविदा सूचना :- दमोह, दिनांक :- 21/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से अधोलिखित विवरण अनुसार दर पर ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_502106_1 | जल प्रदाय व्यवस्था अंतर्गत पाइप लाइन मरम्मत कार्य। (द्वितीय निविदा आमंत्रण) | Rs. 9.50 लाख | 2000/- 9500/-रु. | 02/05/2026 |
| 2. | 2026_UAD_502128_1 | नगर पालिका दमोह अंतर्गत किराये पर टेंट सामग्री लेने का कार्य । | Rs. 25.00 लाख | 5000/- 18800/-रु. | 25/05/2026 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दमोह